# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | पंचदश (बजट) सत्र
संख्या-14 | शुक्रवार, दिनांक-08 फरवरी, 2019 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 05.36 बजे अप० तक।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

### 1.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाः-

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा विधि आयोग के गठन से सम्बन्धित तथा मााननीय सदस्य, श्री कुणाल षड़ंगी द्वारा मोमेंटम झारखण्ड आयोजन के पश्चात् किये गये निवेश एवं बेरोजगारों को दिये गये रोजगार विषयक कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को नियमानुकूल नहीं होने के कारण इन्हें आसन द्वारा अमान्य कर दिया गया।

इसी क्रम में माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने सदन में अपने द्वारा उठाये गये विषय मोबाईल तथा ई-पॉश मशीन की खरीदगी सम्बन्धी सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के आलोक में आसन के माध्यम से सदन में बहस कराये जाने की माँग की।

### 2.प्रश्नकालः-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-11

| | | |
|---|---|---|
| **(क) उत्तरित कुल-04,** | अ० सू०-144 श्री बिरंची नारायण, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-145 श्री स्टीफेन मराण्डी, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-146 श्री राज कुमार यादव, | स० वि० स० एवं |
| | अ० सू०-147 श्री कुणाल षड़ंगी, | स० वि० स०। |
| (ख) **अनागत कुल-07,** | अ० सू०-148 से अ०सू०-154 तक। | |

#### (ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-30

| | | |
|---|---|---|
| **(क) उत्तरित कुल-03,** | तारां०-658 डॉ० इरफान अंसारी, | स० वि० स०, |
| | तारां०-659 श्री चम्पाई सोरेन, | स० वि० स० एवं |
| | तारां०-661 श्रीमती गीता कोड़ा, | स० वि० स०। |
| **(ख) अपृष्ठ मात्र-01,** | तारां०-660 श्री ढुलू महतो, | स० वि० स०। |
| **(ग) अनागत कुल-26,** | तारां०-662 से तारां०-687 तक। | |

कृ०पृ०उ०

## 3.शून्यकाल :-

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दिये गये शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री जगरनाथ महतो,
श्री दशरथ गागराई,
प्रो० जय प्रकाश वर्मा,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री नारायण दास,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्री निरल पुरती,
श्री बिरंची नारायण,
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री अमित कुमार मण्डल,
श्री प्रदीप यादव

**तदुपरांत आज दिनांक-08.02.2019 को बजट सत्र का अंतिम दिन तथा शुक्रवार होने के कारण शेष शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए उन्हें लिखित उत्तर हेतु सम्बन्धित विभागों में भेजे जाने एवं लम्बित ध्यानाकर्षणों के सद्यः निष्पादन हेतु आसन से घोषणा की गयी।**

## 4.सूचना:-

**माननीय सदस्य, श्री योगेश्वर महतो द्वारा पूर्व में पूछे गये प्रश्न का आज पुनः उत्तर की अपेक्षा की गयी तदुपरांत आसन से सम्बन्धित तिथि की कार्यवाही पढ़कर सुनाते हुए उनकी माँग को अस्वीकार कर दिया गया।**

## 5.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

i- श्री कुणाल षड्ंगी, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- श्री नलिन सोरेन एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- श्री अशोक कुमार, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ एवं

iv- श्रीमती गीता कोड़ा स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

क्र०पृ०उ०

## 6.सभा मेज पर प्रतिवेदन का रखा जानाः-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-216(1) के तहत आसन के निदेश से माननीय सभापति, श्री योगेश्वर महतो द्वारा प्राक्कलन समिति का एकादश प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा गया।

**इस क्रम में आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही एवं श्री प्रकाश राम द्वारा सदन में लाये गये विषयों से सम्बन्धित विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन सभी माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराये जाने हेतु विभागीय मंत्री को निदेश दिया गया।**

**(अन्तराल)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

## 7.विविध चर्चायेंः-

i- माननीय सदस्य, श्री राम कुमार पाहन ने जमीन वापसी सम्बन्धी हिन्दी समाचार पत्र दैनिक भास्कर में छपी खबर की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

ii- माननीय सदस्य, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी द्वारा महिला महाविद्यालय, गढ़वा के शिक्षकों को लम्बित वेतन के भुगतान हेतु आसन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया,

iii- अन्तराल के पूर्व माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा सदन में उठाये गये विषय- मोबाईल तथा ई-पॉश मशीन की खरीदगी सम्बन्धी मामले पर पुनः सरकार से स्थिति स्पष्ट किये जाने हेतु आसन के माध्यम से आग्रह किया गया। इसपर पक्ष-विपक्ष द्वारा टोका-टोकी होने लगी जिससे सदन में शोरगुल होने लगा।

iv- माननीय सदस्य, श्री प्रकाश राम ने भी अपने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सरकार से प्राप्त प्रतिवेदन को भ्रामक बताया।

## 8.आसन से नियमनः-

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं श्री प्रकाश राम द्वारा उठाये गये विषयों की गम्भीरता को देखते हुए आसन द्वारा सदन को आश्वस्त किया गया कि वे इस विषय पर अपनी अध्यक्षता में माननीय विभागीय मंत्री, माननीय प्रश्नकर्त्ता सदस्य एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मामले को देखेंगे जिसकी तिथि बाद में तय की जायेगी।

## 9.गैर सरकारी संकल्प की सूचनायेंः-

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के पंचदश (बजट) सत्र में निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा गैर-सरकारी संकल्प की सूचनायें पढ़ी गयी एवं सरकारी उत्तर के पश्चात् इन्हें वापस लिया गयाः-

| क्रम संख्या | माननीय सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री जीतू चरण राम | खलारी प्रखण्ड को अनुमण्डल बनाना | वापस |
| 02 | श्री शिवशंकर उरांव | लोहरदगा से मांझाटोली(गुमला) तक रेल लाईन बनाना | वापस |
| 03 | श्री आलोक कुमार चौरसिया | पलामू जिला के रामगढ़ प्रखण्ड में सड़क निर्माण कार्य पूरा करना | वापस |
| 04 | श्री प्रदीप यादव | गोड्डा जिला के पोड़ेयाहाट प्रखण्ड सहित दस पंचायतों को मिलाकर देवडॉड प्रखण्ड बनाना | वापस |

क्र०पृ०उ०

| | | | |
|---|---|---|---|
| 05 | श्री राज कुमार यादव | गिरिडीह के धनवार को जिला बनाना | वापस |
| 06 | श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता | जपला को जिला तथा हरिहरगंज को प्रखण्ड बनाना | वापस |
| 07. | श्री राम कुमार पाहन | गूंगा नाला नदी पर पुल बनाना | वापस |
| 08 | डॉ० इरफान अंसारी | ग्रामीण पथों को हस्तांतरित कर निर्माण कराना | वापस |
| 09 | श्री अशोक कुमार | गोड्डा के महगामा में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय बनाना | वापस |
| 10 | श्री प्रकाश राम | पावर प्लांटों को चालू करना | वापस |
| 11 | श्री कुणाल षड़ंगी | रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारम्भ करना | वापस |
| 12 | श्री ग्लेन जोसेफ गॉल्सटेन | मैक्लुस्कीगंज में अधूरे आदिवासी छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा करना | वापस |
| 13 | श्री नागेन्द्र महतो | केसर-ए-हिन्द की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना | वापस |
| 14 | श्रीमती बिमला प्रधान | सिमडेगा के सभी वार्डो में पेयजलापूर्त्ति करना | वापस |
| 15. | श्री आलमगीर आलम | पाकुड़ में जर्जर ओवर ब्रिज का सुदृढ़ीकरण करना | वापस |
| 16 | श्री नारायण दास | देवघर से जसीडीह भाया हजारीबाग रेल लाईन बनाना | वापस |
| 17 | श्री सुखदेव भगत | लोहरदगा में बाईपास सड़क बनाना | वापस |
| 18 | श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | एन.एच.-75 स्थित पढुआ मोड़ से मेराल हाई स्कूल तक जर्जर सड़क को ठीक करना | वापस |
| 19 | श्री अनन्त कुमार ओझा | साहेबगंज शहरी क्षेत्र की खास महाल भूमि को रैयती का दर्जा दिलाना | वापस |
| 20 | श्री अमित कुमार मण्डल | प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए आई. टी. इन्फ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करना | वापस |
| 21 | श्रीमती मेनका सरदार | पूर्वी सिंहभूम के पोटका एवं डुमरिया के निमित्त डिग्री महाविद्यालय की स्थापना करना | वापस |
| 22 | श्री भानू प्रताप शाही | नगर उँटारी में सिविल कोर्ट की स्थापना करना | वापस |
| 23 | श्री योगेश्वर महतो | जैनामोड़ को अनुमण्डल बनाना | वापस |
| 24 | श्री फूलचन्द मण्डल | सेरसा कुंडी चेलियामा करगली के बीच दामोदर नदी पर पुल बनाना | वापस |
| 25 | श्री हरिकृष्ण सिंह | लातेहार के सरयू प्रखण्ड कार्यालय एवं स्टाफ क्वार्टर का निर्माण करना | वापस |

क्र०पृ०उ०

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | श्री जानकी प्रसाद यादव | कोडरमा जिला के जयनगर में डिग्री कॉलेज खोलना | वापस |
| 27 | श्री निर्भय कुमार शाहाबादी | झारखण्ड राज्य के जिलों में बिजली आपूर्त्ति सुनिश्चित करना | वापस |
| 28 | श्री जगरनाथ महतो | भंडारडीह रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाना | वापस |
| 29 | श्री राधा कृष्ण किशोर | रिम्स के चिकित्सकों का निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाना | वापस |
| 30 | श्री राज सिन्हा | राज्य के बेरोजगारों को भत्ता देना | वापस |
| 31 | श्री बिरंची नारायण | बोकारो के पिन्ड्राजोरा को प्रखण्ड का दर्जा देना | वापस |
| 32 | श्री रबीन्द्रनाथ महतो | किसानों का कृषि लोन माफ करना | वापस |
| 33 | श्री मनीष जायसवाल | हजारीबाग जिले को सुखाड़ग्रस्त घोषित करना | वापस |
| 34 | श्रीमती सीमा देवी | सिल्ली प्रखण्ड में पावर ग्रिड बनाना | वापस |
| 35 | श्री केदार हजरा | प्रखण्ड का दर्जा देना | वापस |
| 36 | प्रो० जय प्रकाश वर्मा | कला भवन का निर्माण करना | वापस |
| 37 | श्री जय प्रकाश भाई पटेल | रामगढ़ के करमा को प्रखण्ड का दर्जा देना | वापस |

## 10.समापन भाषण :-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सदन नेता, माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास द्वारा पंचदश बजट सत्र के समापन पर अपना उद्‌गार व्यक्त करते हुए **''सबका साथ और सबका विकास''** की उक्ति पर जोर देते हुए सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए आनेवाले फागुन और होली की शुभकामनायें दी गयी। इसके उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के 15वें सत्र का सुखद समापन बताते हुए माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी सहित देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए गठित चयन समिति के सदस्यों को साधुवाद दिया जिन्होंने राष्ट्र के 70वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी सहित प्रसिद्ध संगीतकार व गायक भूपेन हजारिका एवं नानाजी देशमुख को सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''"भारत रत्न'' के लिए नामित किया। समिति ने झारखण्ड के चार विभूतियों को पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित करने का भी निर्णय लिया।

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के इस 15वें सत्र को चतुर्थ विधान सभा के कार्यकाल का सर्वाधिक सार्थक सत्र बताते हुए माननीय सदस्यों तथा मंत्रियों को कोटि-कोटि साधुवाद माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया क्योंकि इस सत्र में कई लोकहित के कार्य हुए जिनमें अनुसूचित जनजाति के लिए एक पृथक् विधिक आयोग के गठन सम्बन्धी विधेयक भी इसी सत्र में पारित किया गया। आसन द्वारा इस सत्र में लिये गये प्रश्नों आदि के सम्बन्ध में भी विवरणी का जिक्र किया गया और अंततः राज्य की सवा तीन करोड़ जनता के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया तदुपरांत सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 08 फरवरी, 2019 ई०।